सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 200 | इंदौर, मंगलवार 04 फरवरी, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

◆ थोड़ी उठी हुई थी जमीन, पुलिस ने मिट्टी हटाई तो रह गई हैरान

## बड़ी वारदात से पहले भारी मात्रा में मिला नक्सली डंप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र में हॉकफोर्स और बीडीडीएस टीम को नक्सलियों का एक छिपा हुआ सामान मिला है। यह सामान अलीटोला-माहुरदल्ली के जंगल में 2 फरवरी को मिला। टीम को जमीन का एक हिस्सा थोड़ा उठा हुआ दिखा, जिससे शक हुआ। खोदने पर प्रिंटर, बैटरी, केबल,



और रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान मिला। पुलिस का मानना है कि यह सामान माओवादियों ने छिपाया था, ताकि वे सरकार विरोधी प्रचार कर सकें और लोगों को भड़का सकें। 2 फरवरी को हॉकफोर्स और बीडीडीएस की टीम बिलालकसा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान पर थी। यह अभियान सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन के लिए था। अलीटोला-माहुरदल्ली जंगल में टीम को जमीन का एक हिस्सा उठा हुआ दिखाई दिया। इससे उन्हें शक हुआ और उन्होंने बीडीडीएस टीम की मदद से उस जगह की जांच की। जांच करने पर उन्हें भारी मात्रा में सामान मिला। इसके अलावा नक्सली साहित्य भी मिला है। पुलिस का मानना है कि यह सामान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के मलाजखंड टांडा संयुक्त एरिया कमेटी के सदस्यों ने छिपाया था।

## इंदौर में ईडी ने कुर्क की 1 करोड़ की संपत्ति

◆ अवैध ऑनलाइन सट्टा मटका हो रहा था संचालित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत अवैध ऑन लाइन सट्टा मटका के मामले में 1 करोड़ रु. से ज्यादा की संपत्तियां कुर्क की है। ये संपत्तियां मनोज मालवीय नामक व्यक्ति की हैं। वह लोकेश वर्मा और निखिल हलभवी उर्फ अजय रतन राजपूत के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टेबाजी का संचालन करने में सक्रिय रूप से शामिल था। दरअसल गुजरखेड़ा (महू) निवासी लोकेश ने इंदौर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर मनोज मालवीय से मिलकर 10 लाख में धन गेम और धन कुबेर सट्टा एप बनवाया था। इसके बाद दोनों ने ऑनलाइन सट्टे का कारोबार शुरू किया। नौकरी पर लड़कों को रखकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन मटका सट्टे का कारोबार फैला लिया। लोकेश और मनोज ने कई बड़े कारोबारियों को 2% कमीशन का लालच देकर सट्टे के कारोबार में शामिल किया। को-ऑपरेटिव बैंक में कई फर्जी खाते भी खोले। सट्टे के दम पर करोड़ों का साम्राज्य खड़ा किया।

# मप्र में दिन गर्म... पहली बार तापमान 34° डिग्री पार

## भोपाल-इंदौर समेत 14 शहरों में 30 डिग्री से ज्यादा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में अब दिन गर्म हो गए हैं। सोमवार को सीजन में पहली बार पारा 34 डिग्री के पार पहुंच गया। मंडला और सिवनी सबसे ठंडे रहे। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 14 शहरों में पारा 30 डिग्री से ज्यादा रहा। हालांकि, 2 दिन बाद पारे में फिर से गिरावट हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, फरवरी में सुबह और रात में ही ठंड का असर देखने को मिलेगा। 20 फरवरी से यह असर और कम हो जाएगा। इससे पहले सोमवार को ग्वालियर-चंबल और उज्जैन संभाग के कुछ जिलों में कोहरा रहा। मंगलवार को भी कुछ जिलों में कोहरा छाया रहेगा। दूसरी ओर, दो दिन में पारे में गिरावट हो सकती है, पर सोमवार को कई शहरों में पारा 5 डिग्री तक ऊपर चला गया। ऐसे में गर्मी का एहसास हुआ।



### इन शहरों में दिन में गर्मी रही

सोमवार को कई शहरों में गर्मी का असर देखा गया। सिवनी में 34.2 डिग्री और मंडला में 34 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह बैतूल में 33.2 डिग्री, इंदौर में 32.5 डिग्री, भोपाल में 32.1 डिग्री, रतलाम में 32 डिग्री, उज्जैन में 31.5 डिग्री, खरगोन-नर्मदापुरम में 31.4 डिग्री, धार में 31.9 डिग्री, मलाजखंड में 30.3 डिग्री, रायसेन में 30.2 डिग्री, खंडवा में 30.1 डिग्री, उमरिया-सागर में 30 डिग्री रहा।

### 12-13 फरवरी को बारिश का असर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 8 फरवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो सकता है। इस वजह से प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, प्रदेश के कुछ हिस्से में पहले सप्ताह में बादल छाए रहेंगे। 12, 13 और 14 फरवरी को बारिश होने का अनुमान है। 20 फरवरी के बाद ठंड का असर और कम होगा। जिससे दिन-रात दोनों ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

### इंदौर में रात का पारा 17 डिग्री के पार

इधर, रविवार-सोमवार की रात की बात करें तो कई शहरों में पारा 15 डिग्री के पार पहुंच गया। नर्मदापुरम में सबसे ज्यादा तापमान 17.5 डिग्री, इंदौर में 17.2 डिग्री और सिवनी में 17 डिग्री रहा। इसी तरह उज्जैन-छिंदवाड़ा में 15 डिग्री, मलाजखंड में 15.2 डिग्री, सागर में 15.3 डिग्री, खंडवा में 15.4 डिग्री, धार में 16.5 डिग्री, सिवनी में 17 डिग्री, नर्मदापुरम में 17.5 डिग्री दर्ज किया गया।

# मध्यप्रदेश में शुरू हाईटेक बस सेवा

## सरकारी कंपनी निजी ऑपरेटरों के मार्फत करेगी संचालन, इंदौर-उज्जैन से शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में सरकारी यात्री बस सेवा का संचालन कंपनियों के माध्यम से किया जाएगा। इसको लेकर परिवहन विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसको कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। इससे पहले परिवहन विभाग ने संबंधित अन्य विभागों से यात्री परिवहन बस संचालन को लेकर राय ली। इसमें शहरी विकास विभागऔर विधि विभाग ने अपनी राय दे दी है। इसके तहत एक राज्य स्तर की कंपनी बनाई जाएगी। जिसके अंतर्गत छह संभागीय कंपनी होगी। ये कंपनियां हाईटेक बसों का प्रदेश में संचालन करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में लोक परिवहन को लेकर परिवहन विभाग के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है।

यात्री परिवहन सेवा के प्रस्ताव को सभी अनुमति मिलने के बाद इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। कंपनी गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद बसों का संचालन सबसे पहले इंदौर-उज्जैन से किया जाएगा। इसका कारण इन मार्गों पर यात्री संख्या अधिक होना है। इसके बाद धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में बसों का संचालन किया जाएगा। इसमें निजी ऑपरेटर ही बसों का संचालन करेंगे। जिन रूटों पर निजी ऑपरेटर बस नहीं चलाएंगे, वहां पर सरकार खुद बस चलाने का निर्णय लेगी।

### रूट के सर्वे का काम शुरू

परिवहन विभाग ने प्रस्ताव के साथ ही बसों के रूट पर सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है। इसमें देखा जाएगा कि किन रूटों पर यात्रियों की संख्या ज्यादा है। उसके हिसाब से निजी ऑपरेटर को बसों के संचालन का परमिट जारी किए जाएंगे। जिन रूटों पर यात्रियों की संख्या कम होगी, उन रूटों पर उसके हिसाब से बसों का संचालन तय किया जाएगा। रूट के सर्वे में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### बस की लोकेशन एप पर दिखेगी, रहेगी पूरी निगरानी

परिवहन विभाग एक सॉफ्टवेयर तैयार कर रहा है। इसमें बसों की पूरी निगरानी की व्यवस्था होगी। नई व्यवस्था में ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा के साथ ही बस की लोकेशन को भी यात्री मोबाइल एप के माध्यम से ट्रैक कर सकेंगे। इसमें बसों की ऑक्युपेंसी के साथ ही उसकी स्थिति की हर स्तर पर मॉनीटरिंग की व्यवस्था होगी।

मध्य प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (MPSRTC) का गठन 1962 में हुआ था, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य की जनता को सस्ती, सुलभ और प्रभावी यातायात सुविधाएं प्रदान करना था।

गिद्धों की गणना

# फरवरी में 3 दिन और मार्च माह में 1 दिन गणना की जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। इंदौर में फरवरी और मार्च माह में गिद्धों की गणना की जाएगी। फरवरी में लगातार 3 दिन और मार्च माह में 1 दिन गणना की जाएगी। इंदौर सहित प्रदेश के सारे वन मण्डलों में गिद्धों की गिनती तय तारीखों और तय समय पर एक साथ की जाएगी। बताया जा रहा है कि 17 से 19 फरवरी के बीच में यह गणना होगी, इसके बाद मार्च में एक दिन गणना की जाएगी। वहीं 29 अप्रैल को आंकड़ों को सार्वजनिक किया जाएगा। गणना के पहले वन विभाग के कर्मचारियों-अधिकारियों सहित बर्ड लवर्स और एनजीओ को गिद्धों की गिनती करने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

इंदौर वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गिद्धों की गिनती सुबह छह से आठ बजे के बीच की जाएगी। इस दौरान खाली जगहों और पेड़ों पर बैठे गिद्धों को गिना जाएगा, साथ ही उनकी फोटोग्राफी होगी। इंदौर वनमंडल में गिद्धों की गिनती के लिए 25 से अधिक स्थानों को चिह्नित किया गया है। इनमें पेडमी, कजलीगढ़, पातालपानी, देवगुराड़िया, आशापुरा, रतवी, गिद्ध खोह, तिंछाफाल, बडिया जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस काम के लिए वनरक्षक, वनपाल, डिप्टी रेंजर और रेंजर की टीम बनाई गई है। इंदौर वनमंडल के 40 से ज्यादा वनकर्मियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।



### इंदौर में कम हुई संख्या

1. इंदौर वनमंडल में 2019 में 236 गिद्ध थे। 2021 में यह घटकर 117 ही रह गई।
2. 2024 में इनकी संख्या घटकर 86 ही बची है।
3. 2016 में इंदौर रेंज के जंगलों में सबसे ज्यादा गिद्ध देखे गए थे
4. प्रदेश में गिद्धों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।
5. प्रदेश में 2019 में 7 हजार 906 गिद्ध थे। 2021 में इनकी संख्या बढ़कर 9 हजार 446 हो गई।
6. 2024 में यह संख्या 10 हजार 123 हो गई।

जानकारों का कहना है कि इंदौर में ट्रेंचिंग ग्राउंड होने से कचरे की अधिकता गिद्धों के लिए भोजन का प्रमुख स्रोत थी। अब ट्रेंचिंग ग्राउंड पूरी तरह साफ हो चुका है, जिससे गिद्धों की संख्या कम हो गई है।

### गणना में उड़ते हुए गिद्ध शामिल नहीं

1. गिद्धों की गणना में सिर्फ जमीन या पेड़ों पर बैठे गिद्धों को ही शामिल किया जाता है।
2. उड़ते हुए गिद्धों की गिनती नहीं की जाती।
3. प्रदेश में कई प्रजातियों के गिद्ध पाए जाते हैं।
4. इनमें एजिप्सिया, किंग कल्चर, यूरेशियन प्रमुख हैं। इं
5. दौर वनमंडल में ज्यादातर एजिप्सिया प्रजाति के गिद्ध देखे जाते हैं।
6. गिनती जरूरी, संख्या घटने का यह है कारण
7. पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गिद्धों की अहम भूमिका है।
8. खाद्य श्रृंखला में ये सबसे ऊपर हैं।
9. गिद्ध मृत प्राणियों के अवशेषों को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
10. गिद्धों की संख्या में गिरावट का प्रमुख कारण रासायनिक दवा डाइक्लोफिनेक, कीटोप्रोफेन, और एसीक्लोफेनाक है।
11. शवों को खाते समय यह दवा गिद्धों के शरीर में पहुंच जाती है।
12. गिद्धों पर इस दवा के घातक प्रभाव के बाद 2008 में उसे प्रतिबंधित कर दिया गया।
13. गिद्ध जहां बैठते हैं, वहां के फोटो लिए जाते हैं। उड़ते और बैठे हुए गिद्धों को भी अलग-अलग गिना जाता है।
14. उदाहरण के तौर पर पेडमी में 17 गिद्ध पहले दिन दिखे। दूसरे दिन 20 दिखे तो 17 के आंकड़े को छोड़ दिया जाएगा। तीसरे दिन 25 गिद्ध दिखे तो उसे स्टैंडर्ड माना जाएगा। फिर फोटोग्राफ्स की मदद से भी संख्या निकाली जाती है।
15. ऐसा भी होता है कि जिस गिद्ध को एक स्थान पर देखा वह उड़कर दूसरी जगह जाकर बैठ जाए। ऐसी स्थिति में फोटोग्राफ से टेली किया जाता है।

# मराठी नाटक का इंदौर में होगा मंचन

**'ज्याची त्याची लव स्टोरी' के 5 शो 8-9 को**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह में 8-9 फरवरी को मराठी नाटक 'ज्याची त्याची लव स्टोरी' का मंचन किया जाएगा। सानंद न्यास द्वारा आयोजित इस नाटक के पांच शो होंगे। प्रसिद्ध दिग्दर्शक प्रियदर्शन जाधव द्वारा निर्देशित इस नाटक में मराठी सिनेमा और टीवी के जाने-माने कलाकार सुयश टिळक और सुरूची आडारकर मुख्य भूमिकाओं में हैं।

नाटक का कथानक युवा पीढ़ी के जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों पर आधारित है। सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे और मानद सचिव संजीव वावीकर के अनुसार, यह नाटक दर्शाता है कि आज की युवा पीढ़ी विवाह और करियर जैसे महत्वपूर्ण निर्णय कितनी जिम्मेदारी से लेती है। नाटक में शर्मिला शिंदे, पूर्णानंद वाढेकर, रोहित हळदीकर और शर्वरी कुळकर्णी-बोरकर भी प्रमुख



भूमिकाओं में हैं। ऋषिकांत राऊत द्वारा लिखित इस नाटक की टीम में संदेश बेंद्रे (नेपथ्य), अजित परब (संगीत), शीतल तळपदे (प्रकाश), मृणाल देशपांडे (वेशभूषा) और शरद सावंत (रंगभूषा) शामिल हैं। नाटक के निर्माता चंद्रकांत लोकरे और सह-निर्माता भूषण लिमये हैं। 8 फरवरी को रामू भैय्या दाते समूह के लिए दोपहर 4 बजे और राहुल बारपुते समूह के लिए शाम 7:30 बजे शो होंगे। 9 फरवरी को मामा मजूमदार समूह के लिए सुबह 10 बजे, बसंत समूह के लिए दोपहर 4 बजे और बहार समूह के लिए शाम 7:30 बजे प्रदर्शन होगा।

## नलकूप खनन मय मोटर पंप स्थापना कार्य हेतु 4.522 लाख रुपये की स्वीकृति जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में सांसद श्री शंकर लालवानी की अनुशंसा पर एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग इंदौर द्वारा प्रेषित प्राक्कलन एवं तकनीकी स्वीकृति के आधार पर कलेक्टर कार्यालय इंदौर द्वारा इंदौर नगर वार्ड क्रमांक 44 में एलआईजी गुरूद्वारा के पास सार्वजनिक उपयोग हेतु नलकूप खनन मय मोटर पंप स्थापना कार्य रिचार्ज पिट सहित करने हेतु कुल 4.522 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। कार्य हेतु क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग इंदौर को बनाया गया है।

पाकीजा स्कूल इंदौर में 'मिशन हिफाजत' कार्यक्रम

# शिक्षिकाओं को दी सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। ग्रीन पार्क स्थित पाकीजा स्कूल में 'मिशन हिफाजत' कार्यक्रम के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट मास्टर सईद आलम ने शिक्षिकाओं को आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण तकनीकें सिखाईं। स्कूल की प्रिंसिपल शीबा हाशमी के अनुसार, 21 से 47 वर्ष आयु वर्ग की शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने न केवल सैद्धांतिक ज्ञान को ध्यान से सुना, बल्कि आधुनिक उपकरणों के साथ व्यावहारिक अभ्यास में भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर सईद आलम ने शिक्षिकाओं को घुटने, कोहनी और हथेली के प्रहार जैसी विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इन तकनीकों का उपयोग कर हमलावर को कैसे निष्प्रभावी किया जा सकता है, यह भी सिखाया गया। प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रियलिस्टिक डमी का उपयोग किया गया, जिस पर शिक्षिकाओं ने व्यावहारिक अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन हानिया फातिमा ने किया, जबकि समापन पर अब्दुल राशिद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रालामंडल अभ्यारण्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। बायपास स्थित वन विभाग के रालामंडल अभ्यारण्य में साल के पहले महीने में पर्यटकों की संख्या और राजस्व, दोनों में वृद्धि हुई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जनवरी 2025 में 14,119 पर्यावरण प्रेमियों ने अभ्यारण्य का दौरा किया, जिससे विभाग को 4 लाख 49 हजार 570 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इस साल जनवरी में पर्यटकों की संख्या जनवरी 2024 की तुलना में अधिक रही।**



वन विभाग के अनुसार, जनवरी 2024 में रालामंडल अभ्यारण्य में 11,904 पर्यटक पहुंचे थे, जिससे विभाग को 4 लाख 27 हजार 918 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस साल जनवरी में, पिछले साल की तुलना में 2,115 पर्यटक ज्यादा आए और विभाग को 21,652 रुपए अधिक राजस्व मिला। पिछले तीन सालों से पर्यटकों की संख्या और राजस्व में गिरावट देखी जा रही थी। साल 2022 में रालामंडल में 12 महीनों में 1 लाख 12 हजार 258 पर्यटक आए, जिनसे 47 लाख 89 हजार 424 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसके बाद, साल 2023 में 1 लाख 5 हजार 512 पर्यटक आए, जिससे 43 लाख 91 हजार 724 रुपए का राजस्व मिला, जो 2022 की तुलना में कम था। 2023 में कुल 1 लाख 2 हजार 578 पर्यटक आए और विभाग को 36 लाख 36 हजार 25 रुपए का राजस्व मिला, जो 2023 के मुकाबले कम था। हालांकि, 2025 की शुरुआत पिछले दो सालों से बेहतर रही है। वन विभाग को उम्मीद है कि इस साल पिछले दो वर्षों के घाटे की भरपाई हो सकेगी।

# भेरू सिंह चौहान का कलेक्टर आशीष सिंह ने किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय में भारत सरकार के प्रतिष्ठित सम्मान पद्मश्री के लिए नामांकित श्री भेरू सिंह चौहान का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। श्री भेरु सिंह चौहान को निर्गुण भजन और मालवी संस्कृति में अहम भूमिका निभाने के लिए भारत सरकार द्वारा पदमश्री से सम्मानित किया जाएगा। श्री भेरू सिंह चौहान



मालवा के प्रसिद्ध निर्गुण लोक/कबीर गायक हैं। श्री चौहान इंदौर जिले की डॉ. अम्बेडकर नगर महू तहसील के छोटे से गांव बजरंगपुरा से आते हैं। इन्हें संगीत की विरासत घर से ही मिली है। इनके पिता श्री मादू चौहान भी कबीर गायन करते थे। निर्गुण भक्ति गायक श्री भेरू सिंह चौहान पिछले 50 सालों से लोक मौखिक परंपरा को कायम रखने में अपना योगदान दे रहे हैं।

# खजराना गणेश मंदिर में झोला एटीएम सिर्फ 10 रुपये में कपड़े की थैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नगर निगम द्वारा प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, और इसी क्रम में छप्पन दुकान सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर झोला एटीएम लगाए गए थे। अब यह सुविधा प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर परिसर में भी उपलब्ध कराई गई है, जहां मात्र 10 रुपये का सिक्का डालने पर कपड़े की थैली प्राप्त होगी। यह पहल नगर निगम, जना स्मॉल बैंक संस्था सारथी और श्री साईं इंटरप्राइजेस के संयुक्त प्रयासों से की गई है। इस अवसर पर नो प्लास्टिक विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिससे लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस मंदिर परिसर में कुल सात झोला एटीएम मशीनें स्थापित की गई हैं। खजराना गणेश



मंदिर में पहले भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक पहल की जाती रही हैं, जिनमें फूलों से खाद बनाने से लेकर स्वच्छता को बढ़ावा देने तक की योजनाएं शामिल रही हैं। अब बैंक के सहयोग से झोला एटीएम मशीनें लगाई गई हैं, क्योंकि मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जो प्रसाद और पूजन सामग्री के लिए प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करते हैं। इस झोला एटीएम की सुविधा से अब भक्त 10 रुपये का सिक्का डालकर आसानी से कपड़े की थैली प्राप्त कर सकेंगे, जिससे प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में सहायता मिलेगी। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह से समाप्त करने का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण पहल में बैंक के नेशनल हेड एवं प्रेसिडेंट श्रीनिवास मूर्ति, रीजनल मैनेजर बालकृष्णन मिश्रा, रीजनल हेड कुणाल कुशवाह, खजराना गणेश मंदिर के अशोक भट्ट, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश जायसवाल, जोनल अधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा, कार्यक्रम आयोजक संस्था सारथी और श्री साईं इंटरप्राइजेस के संस्थापक हेमंत शिंदे सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इंदौर स्वच्छता के मामले में लगातार नंबर वन रहा है और शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए इस प्रकार के नए-नए प्रयोग किए जाते रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही सरकार द्वारा प्लास्टिक की थैलियों पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिसके बाद नगर निगम ने शहर के प्रमुख बाजारों और मुख्य स्थानों पर झोला एटीएम की व्यवस्था की। यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि अधिकतर लोग जब घर से बाहर निकलते हैं तो अपने साथ कपड़े का झोला या थैली नहीं रखते, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग करना पड़ता है। इस नई सुविधा से लोगों को कपड़े की थैली आसानी से उपलब्ध होगी, जिससे प्लास्टिक के उपयोग में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## सब्जी विक्रेता के घर से जब्त की 200 किलो पॉलीथिन

**50 हजार रु. का चालान**



**इंदौर। नगर निगम द्वारा शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन कैरी बैग के उपयोग को रोकने के लिए सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नगर निगम ने एक स्थान से 200 किलो पॉलीथिन जब्त की। इसके साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया।**

दरअसल, निगम की टीम ने सुदामा नगर डी सेक्टर में एक सब्जी ठेले पर पॉलीथिन उपयोग करते हुए पाया। वार्ड-82 के दरोगा आदिवाल द्वारा पूछताछ करने पर ठेले वाले ने अपना पता न्यू द्वारकापुरी कॉलोनी बताया। इस सूचना पर सहायक सीएसआई रुपेश मकासरे एनजीओ संस्था के साथ 1976, न्यू द्वारकापुरी कॉलोनी पहुंचे और छानबीन की। यहां से 200 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन कैरी बैग मिले, जिन्हें जब्त किया गया। मामले में निगम ने गोवर्धन पोरवाल के खिलाफ 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में विभाग अपनी रैंकिंग सुधारें

**राजस्व प्रकरणों का निराणकरण समय सीमा में करें**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिये कि जिले के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दें। प्रतिदिन आने वाले आवेदनों के तत्काल निराकरण की प्रक्रिया प्रांरभ करें। 50 दिन से अधिक की अवधि के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहे। सभी विभाग सीएम हेल्प लाइन के प्रकरणों के निराकरण में रैंकिंग सुधार के प्रयास करें। अविवादित सीमांकन, नामांतरण, बटवारा सहित विभिन्न प्रकार के राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की



अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुयी। बैठक् में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीइओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी.अहिरवार, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री गौरव बैनल, श्री रोशन राय तथा निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर अभियान के तहत नियमित फालोअप के निर्देश दिए।

जिले में निर्माण कार्यों में हो रही परेशानियों एवं अतिक्रमण संबंधी बाधाओं को हटाए जाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिये। बैठक में नल-जल योजनाओं के चल रहे कार्यों एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने धारणाधिकार की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश भी दिये।

## असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर सस्पेंड

**डिप्टी कलेक्टर चौरसिया को सौंपा प्रभार**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। काम में अनियमितता बरतने वाले इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने असिस्टेंट माइनिंग ऑफिसर चैनसिंह डामोर को सस्पेंड कर दिया है। उनके खिलाफ अपर कलेक्टर ने एक प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा था। इस आधार पर यह कार्रवाई की गई।**

कलेक्टर ने बताया कि, डामोर के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। चूंकि माइनिंग ऑफिसर के ट्रांसफर के बाद अभी नई नियुक्ति नहीं हुई है। इसके चलते शासन के आदेश आने तक डिप्टी कलेक्टर प्रियंका चौरसिया को खनिज अधिकारी का चार्ज सौंपा गया है। उधर, सोमवार को कलेक्टर ने सभी विभागों की टीएल बैठक ली। बैठक में सीएम हेल्प लाइन के मामलों पर खास ध्यान देने पर जोर दिया गया। इसमें शिकायतों को जल्द निराकरण हो, इसके इसके लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर के मुताबिक, ज्यादातर विभागों की स्थिति अच्छी है लेकिन चार-पांच विभागों का कामकाज ठीक नहीं है। इसमें सुधार की जरूरत है। जिसके लिए 15 दिन का समय दिया गया है। मंगलवार को राजस्व की समन्वय बैठक रखी गई है। इसमें समय सीमा में सारे काम, वसूली पर ध्यान देने आदि पर फोकस रहेगा।

## इंदौर में गीले कचरे से बायो सीएनजी तैयार करने की इकाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** प्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। गीले कचरे को कंपोस्टिंग के लिये कटनी और सागर शहर में अत्याधुनिक स्वचालित इकाइयां लगाई गई हैं, जहां 16 शहरों से कचरा लाकर उसे कंपोस्ट में बदला जा रहा है। इंदौर में गीले कचरे से बायो सीएनजी तैयार करने के लिये 550 टन प्रतिदिन क्षमता की गोबरधन इकाई लगाई गई है। रीवा और जबलपुर में कचरे से बिजली बनाने की इकाइयाँ भी संचालित हो रही है। इनमें प्रतिदिन 950 टन कचरे का प्र-संस्करण किया जाकर 18 मेगावॉट बिजली पैदा की जा रही है। प्रदेश के 10 नगरीय निकायों के लिये क्लस्टर आधार पर 1018.85 टन प्रतिदिन क्षमता की इकाइयों के लिये केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर-उज्जैन में 607 टन कचरे से बिजली बनाने की यूनिट्स का काम प्रस्तावित है। इनके प्रारंभ होने से 12.15 मेगावॉट बिजली प्राप्त होगी।

## चुराई घड़ी के साथ वॉट्सऐप पर डाला स्टेटस फोटो तो पकड़ में आ गई नौकरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आर्किटेक्ट अजय शुक्ला के घर हुई लाखों रुपये की चोरी में नौकरानी का हाथ निकला। तिलक नगर पुलिस ने नाबालिग सहित तीन को गिरफ्तार किया है। 14 लाख रुपये कीमती सोना और घड़ियां जब्त की गई हैं। सुराग वॉट्सएप स्टेटस से लगा। नौकरानी ने चुराई घड़ी के साथ खींचा फोटो स्टेटस पर लगा लिया था।

टीआई मनीष लोधा के मुताबिक ब्रजेश्वरी निवासी अजय शुक्ला ने 29 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध आभूषण चुराने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शुक्ला ने बताया कि वे पेशे से आर्किटेक्ट हैं। उनके पिता दिनेश शुक्ला का निधन हो गया था। इसी बीच अलमारियों में रखे सोने के आभूषण (बैंगल, पेंडल, चेन, टाप्स) और महंगी घड़ियां चोरी हो गईं। स्वजन ने बताया कि घर में एक किशोरी साफ-सफाई का काम करती है। पुलिस ने कई दिनों तक उस पर नजर रखी। पुलिस ने उसका वॉट्सएप स्टेटस देखा, जिसमें शुक्ला के घर से चुराई घड़ी के साथ फोटो था। किशोरी को हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई। किशोरी टूट गई और मां माधुरी को आभूषण देना कबूला। माधुरी के घर की तलाशी लेने पर चेन, मंगलसूत्र, टाप्स, पैंडल मिल गए। उसने पूछताछ में बताया कि शुक्ला के घर से चुराई चूड़ियां प्रेमी चंदासिंह के पास रखी है। रविवार को नंदानगर स्थित चंदा के घर दबिश देकर चूड़ियां भी जब्त कर लीं।

## नशे की टेबलेट के साथ एक गिरफ्तार

**इंदौर।** रावजी बाजार पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में नशे की टेबलेट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम अब्दुल सादिक पुत्र अब्दुल अली शेख है, जो प्रकाश का बगीचा क्षेत्र का निवासी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अल्फाजोलम नामक नशीली टेबलेट बेच रहा है। जब पुलिस ने उसे पकड़ा, तो उसके पास से 10 से अधिक पत्ते नशीली दवा के बरामद हुए। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है कि वह यह नशीली दवा कहां से लाता था और किन-किन लोगों को बेचता था।

# उज्जैन में जमीन विवाद को लेकर मारी दो गोली

## भाजपा विधायक के भाई ने बेटे की हत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में भाजपा विधायक सतीश मालवीय के बड़े भाई मंगल मालवीय ने अपने ही बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने बेटे को 12 बोर की बंदूक से दो गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना माकड़ौन में सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे की है।**

एडिशनल एसपी पल्लवी शुक्ला ने बताया- माकड़ौन तहसील के सुचाई गांव में मंगल मालवीय का बेटे अरविंद मालवीय (30) से जमीन और किराना दुकान के पैसे को लेकर विवाद हुआ था। कहासुनी इतनी बढ़ी कि गुस्से में मंगल ने लाइसेंसी बंदूक से बेटे अरविंद पर तीन फायर किए। पहली गोली चलने के बाद वो छत की तरफ भागा तो पिता भी उसके पीछे दौड़े। इसके बाद बेटे को सीढ़ियों पर दो और गोलियां मारी।



मंगल मालवीय, आरोपी
अरविंद मालवीय, मृतक

एक गोली सिर और दूसरी छाती पर लगने से अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी मंगल मालवीय पूर्व विधायक नागूलाल मालवीय के बड़े बेटे और घट्टिया से भाजपा के मौजूदा विधायक सतीश मालवीय के बड़े भाई हैं। फिलहाल पुलिस मंगल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मंगल मालवीय के दो बेटे, दो बेटियां हैं। परिवार के पास माकड़ौन में करीब सात बीघा जमीन है। अरविंद बड़ा बेटा था। छोटे बेटे का नाम रविंद्र है। अरविंद शादीशुदा था, उसका एक बेटा है। ये भी पता लगा है कि पिता-बेटे के बीच देवास के सुनवानी गांव में भी पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जांच में पता चला है कि, मंगल मालवीय घर जमाई बनकर रह रहे थे। बाद में अपना अलग घर बना लिया। कुछ दिन पहले ही मंगल के साले ने जमीन बेची थी। जमीन पर पत्नी का हक होने की बात को लेकर उन्होंने बेची गई जमीन की बिक्री पर आपत्ति लगा दी थी। बाद में साले और मंगल के बीच समझौता हुआ और साले ने करीब 10 लाख रुपए मंगल को दिए। इसी जमीन से मिली राशि में बेटा अरविंद अपना हिस्सा मांग रहा था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

## जागेश्वरनाथ धाम में धक्का मुक्की

**दमोह, एजेंसी।** दमोह के बांदकपुर स्थित जागेश्वर नाथ धाम में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सुबह से हजारों वक्त बाबा भोलेनाथ के दर्शन कर उन्हें जल अर्पण कर चुके हैं। सुबह करीब 8 बजे लोगों की बहुत भीड़ थी, इस बीच धक्का मुक्की में कुछ महिलाओं को चोट आई थी। 5 महिलाओं को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया था, जिसमें से दो को घर भेज दिया गया है और तीन महिलाओं को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर राकेश राय का कहना है कि महिलाओं की हालत सामान्य है। 45 वर्षीय केराबाई लोधी ने सीने में चोट की शिकायत बताई थी कैजुअल्टी में उनका परीक्षण किया गया। सब कुछ ठीक निकला और अब वह भी पूरी तरह स्वस्थ है।

## भंडारा खाने से 200 लोग बीमार

**शिवपुरी, एजेंसी।** शिवपुरी जिले के करैरा विकासखंड की ग्राम पंचायत मामोनी कला में एक धार्मिक कार्यक्रम के भंडारे का खाना खाने के बाद 300 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। इनमें से 90 लोग की हालत गंभीर हो गई, जिन्हें करैरा के सीएससी में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि मामोनी कला ग्राम पंचायत में शनिवार को एक धार्मिक कार्यक्रम था जिसमें प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भंडारा आयोजित किया गया था। इस भंडारे की प्रसादी खाने के बाद लोग बीमार हो गए। लोगों की अधिक संख्या को देखते हुए गांव के स्कूल व आंगनबाड़ी में ही अस्थाई अस्पताल बनाकर इनका इलाज किया गया है। ज्यादा बीमार लोगों को करैरा सीएचसी में भर्ती किया गया है।

## कॉलेजों का वेरिफिकेशन कराएगी सरकार

**भोपाल, एजेंसी।** मुरैना जिले के झुंडपुरा में फर्जी कॉलेज का खुलासा होने के बाद सरकार अलर्ट दिख रही है। अब उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश में संचालित प्राइवेट कॉलेजों का फिजिकल वेरिफिकेशन कराया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इसके लिए प्रदेश के सभी अग्रणी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश जारी कर सात दिन में रिपोर्ट देने को कहा है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश के सभी जिलों को यह रिपोर्ट देनी है कि उनके जिले में पहले से संचालित और प्रस्तावित नए प्राइवेट कॉलेजों का फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद क्या स्थिति है। इसके लिए हर जिले में शासकीय महाविद्यालय के दो नियमित शिक्षकों की समिति का गठन कर निरीक्षण कराया जाएगा। निरीक्षण दल की रिपोर्ट अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को सौंपनी होगी।

## ऑफिस से बाहर बुलाकर सिर में मारीं 4 गोलियां

**ग्वालियर, एजेंसी।** बदमाशों ने एक सूदखोर के सिर में चार गोलियां मार दीं। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी रविवार रात करीब 10 बजे सूदखोर के ऑफिस पहुंचे। उसे बातचीत करने के लिए बाहर बुलाया, विवाद होने पर उसके सिर में गोलियां मारकर भाग गए। इसके बाद आरोपी हथियार लहराते हुए चले गए। घटना बंशीपुरा मुरार की है। फायरिंग के बाद इलाके के सभी व्यापारी अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गए। मृतक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। रात 11.15 बजे एसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। जिस घर के सामने सूदखोर की हत्या की गई है, वहां CCTV कैमरा लगा है, लेकिन मकान मालिक का कहना है कि कैमरा बंद पड़ा है।

# मध्यप्रदेश में विकसित हो रहा है फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर : मुख्यमंत्री

## सड़क, रेल और हवाई सेवाओं का हो रहा है विस्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को मूर्त रूप दिए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है, जिससे यहां अधिक से अधिक निवेश आएं, उद्योग धंधे स्थापित हों और बड़ी संख्या में रोजगार सृजित हो। मध्यप्रदेश में रेल, सड़क और हवाई सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य के आंतरिक मार्गों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का भी विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के शहरों में सड़क यातायात के सुधार के लिए इंदौर, भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर और सतना में एलिवेटेड कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। इनमें से इंदौर एलिवेटेड कॉरिडोर पर 350 करोड़, ग्वालियर में 1100 करोड़, जबलपुर में 660 करोड़ और भोपाल में 306 करोड़ रुपए की लागत आएगी। साथ ही राज्य सरकार ने 724 किमी लंबी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया है, जिनकी कुल लागत 10 हजार करोड़ रूपये है। ये परियोजनाएं प्रदेश के शहरों की रोड-कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगी, यात्रा समय को कम करेंगी और व्यापार को बढ़ावा देंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में मजबूत राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निर्माण और उन्नयन केन्द्र सरकार से मिले 3,500 करोड़ रुपए से किया जा रहा है। विशेष रूप से उज्जैन-जावरा 4-लेन ग्रीनफील्ड हाइ-वे परियोजना को 5 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के साथ मंजूरी दी गई है। यह हाइ-वे उज्जैन, इंदौर और आस-पास के क्षेत्रों को मुंबई-दिल्ली इंडस्ट्रियल कॉरीडोर से जोड़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव में बताया कि प्रदेश में ग्रामीण यातायात को सुगम करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य 8,565 गांवों को 19,378 किमी लंबी सड़कों के नैटवर्क से जोड़ना है। यह पहल ग्रामीण कनेक्टिविटी को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा जा सके और यात्री व वस्तुओं की आवाजाही सुगम हो सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में 2024-25 के वित्तीय वर्ष के दौरान 1 हजार किमी नई सड़कों का निर्माण और लगभग 2 हजार किमी सड़कों की नवीनीकरण किया जाएगा ताकि ग्रामीण यातायात नेटवर्क को और भी मजबूत किया जा सके।

## उमरिया में बांधवगढ़ के बाघों ने बनाया नया ठिकाना

### 11 महीने में छह टाइगर की हुई शिफ्टिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया, एजेंसी।** बाघों की धरती कहे जाने वाले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (BTR) के बाघ अब दूसरे जंगलों में अपनी दहाड़ से नई पहचान बना रहे हैं। बीते 11 महीने में छह बाघों को BTR से अन्य टाइगर रिजर्व और जू में शिफ्ट किया गया, जिससे इन क्षेत्रों में बाघों की संख्या संतुलित बनी रहे।

बांधवगढ़ में बाघों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जब दो बाघों का क्षेत्र एक हो जाता है तो उनमें संघर्ष की स्थिति बनती है। बाघ संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जरूरत के अनुसार, बाघों को दूसरे टाइगर रिजर्व में भेजा जाता है। यदि कोई बाघ जंगल में सुरक्षित नहीं रह सकता तो उसे जू में शिफ्ट किया जाता है।

### किन बाघों को कहां भेजा गया

27 मार्च 2024- नर बाघ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, सागर नौरादेही

27 मार्च 2024- बाघिन रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व, नौरादेही

8 अप्रैल 2024- नर बाघ मुकुंदपुर जू

3 मई 2024- बाघिन वन विहार, भोपाल

23 दिसंबर 2024- नर बाघ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम

14 जनवरी 2025- नर बाघ संजय टाइगर रिजर्व

# धार में पदस्थ ASI ने महू में सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**महू, एजेंसी।** महू के किशनगंज थाना क्षेत्र में एक एएसआई का शव घर में फंदे पर लटकता मिला है। एएसआई अजीत मालवीय (40) धार जिले के सरदारपुर थाने की रिंगनोद चौकी में पदस्थ थे। पत्नी रानी मालवीय ने बताया कि रात करीब 2 बजे तक उन्होंने परिवार के साथ सामान्य बातचीत की और सोने चले गए। सोमवार सुबह 11 बजे तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकले, तो मैंने दरवाजा खोलकर देखा तो वह रोशनदान के एंगल पर दुपट्टे से फांसी पर लटके थे। हमने फौरन दुपट्टा काटकर शव को नीचे उतारा और



अजीत मालवीय, मृतक

पुलिस को सूचित किया। जानकारी के मुताबिक मालवीय की रविवार को धार भोजशाला में ड्यूटी लगी थी। ड्यूटी खत्म कर वो महू आए थे। यहां शांति नगर में वे पत्नी और 10 साल की बेटी के साथ रहते थे। वह मूल रूप से इंदौर सिरपुर के रहने वाले थे। ससुराल महू में है। किशनगंज थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सोमवार दोपहर 3 बजे सिविल अस्पताल भिजवाया है। फिलहाल जांच जारी है। आत्महत्या की वजह अब तक पता नहीं चल पाई है।

## संपादकीय

# एक अलग अंदाज व तेवर में नजर आए राहुल गांधी

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक अलग अंदाज व तेवर में नजर आए। अपने आधे घंटे से ज्यादा के संबोधन में राहुल गांधी ने न अपनी पिच ऊंची की, न वह कहीं आक्रामक तरीके से सरकार पर हमलावर नजर आए। अपने पूरे संबोधन में राहुल गांधी ने अपनी बात कहने के लिए एक स्पष्ट रणनीति, एक सधी हुई भाषा-शैली, एक परिपक्व सोच और बेबाकीपन का इस्तेमाल किया। उन्होंने अपनी बात पूरी ईमानदारी से सदन में रखी। अपने पिछले तमाम भाषणों व संबोधनों से इतर अपने सोमवार के संबोधन में राहुल गांधी ने सरकार पर हमला या हल्ला बोलने से न सिर्फ परहेज किया, बल्कि सरकार की आलोचना भी अपेक्षाकृत नजर रुख के साथ की तो वहीं सरकार की कमियां गिनाने की बजाय एक ठोस व रचनात्मक सुझाव भी देखे दिखे। अपने संबोधन में जहां राहुल गांधी ने बड़ी साफगोई से राष्ट्रपति के अभिभाषण में कुछ भी नयापन न होने या पुरानी बातों के दोहराव की बात कही तो वहीं उन्होंने यह कहते हुए एक रचनात्मक विपक्षी नेता के तौर पर सामने आने की कोशिश की कि अगर सरकार इंडिया गठबंधन की होती तो राष्ट्रपति के अभिभाषण में ढेर सारी बातों का जिक्र होने की बजाय असली जोर किन अहम बिंदुओं पर होता। इतना ही नहीं अपने संबोधन में राहुल ने देश के सामने मौजूद अहम मुद्दों और चुनौतियों का न सिर्फ जिक्र किया, बल्कि उसका समाधान देने व उसका एक ब्लूप्रिंट रखने की कोशिश भी की। जिस तरह से दुनिया के कई देशों में शैडो कैबिनेट होती है, जो देश के मुद्दों पर अपना विचार, सोच सामने रखती है, कुछ उसी तर्ज पर राहुल ने मुद्दों को लेकर अपनी सोच सामने रखने की कोशिश की। अपने संबोधन में उन्होंने जिस तरह से उत्पादन और उपभोग के मोर्चे पर भारत की मजबूती के लिए एक रोडमैप सामने रखने की कोशिश की, वहां राहुल एक दूरदृष्टा के तौर पर सामने आए, एक ऐसा नेता, जो देश के बुनियादी मुद्दों की समझ ही नहीं रखता, उसका समाधान देने की क्षमता भी है उसके पास। जिस तरह से विपक्ष पर अकसर आरोप लगता है कि वह सरकार की आलोचना या विरोध के लिए विरोध करता है, सोमवार को राहुल ने उस सोच को भी तोड़ने की कोशिश की। जहां राहुल यह संदेश देते दिखे कि देश की बेहतरी के लिए वह सरकार को रचनात्मक सुझाव देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। सोमवार को राहुल ने सरकार की कमियां गिनाने, उस पर आरोप प्रत्यारोप करने से बचते दिखे। उनकी इस रणनीति का समर्थन करती उनकी बहन व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी दिखाई दीं। राहुल के संबोधन के बाद जब मीडिया ने प्रियंका से उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उनका कहना था कि नेता का भाषण आरोप प्रत्यारोप करने की बजाय मुख्य रूप से देश के लिए एक दृष्टिकोण सामने रखने और देश के भविष्य के मद्देनजर एक विचार सामने रखने पर केंद्रित होना चाहिए।

## Health is Welth

सर्दियों में ज्यादातर लोग गर्म दूध के साथ खजूर खाना पसंद करते हैं। खजूर की तासीर गर्म होने की वजह से यह ठंड से बचाव करके बॉडी में गर्माहट बनाए रखने में मदद करता है। खजूर खाने के फायदे तो ज्यादातर लोगों को पता होते हैं लेकिन क्या आप उसके बीज से जुड़े फायदे भी जानते हैं? आमतौर पर लोग खजूर खाने के बाद उसके बीज बेकार समझकर फेंक देते हैं। अगर अब तक आप भी ऐसा करते आए हैं तो अगली बार ऐसा करने से पहले एक बार सोच लें। खजूर के बीज में ओलिएक एसिड, डाइटरी फाइबर,पॉलीफेनोल्स,प्रोटीन, पोटैशियम, मैग्नीशियम, कॉपर, आयरन, मैंगनीज और विटामिन बी6 जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। जो डायबिटीज से लेकर वेट लॉस तक में मदद करते हैं। आइए जानते हैं खजूर के बीज खाने से सेहत को मिलते हैं क्या-क्या फायदे और क्या है इसके सेवन का सही तरीका।

# खजूर ही नहीं इसके बीज भी हैं सेहत के लिए वरदान



## खजूर के बीज का सेवन करने के फायदे

### ◆ दिल की सेहत

खजूर के बीज में ओलिएक एसिड, डाइटरी फाइबर और पॉलीफेनोल्स होते हैं। जो दिल की सेहत को अच्छा बनाए रखने के लिए जरूरी होते हैं। खजूर के बीज बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने का काम करते हैं। यह कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ सुधारकर हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर, असामान्य दिल की धड़कन आदि जैसी दिल से जुड़ी समस्याओं से बचाव करने में मदद करते हैं।

### ◆ बेहतर पाचन

खजूर का बीज पेट के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद फाइबर की मात्रा पाचन तंत्र को हेल्दी बनाए रखकर डाइजेशन की प्रक्रिया में सुधार करती है।

### ◆ वेट लॉस

खजूर के बीज वजन घटाने के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इसमें मौजूद हाई फाइबर खासतौर पर वेट लॉस में मदद करता है। इसके लिए आप खजूर के बीज का पाउडर बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ◆ डायबिटीज

खजूर का बीज ब्लड शुगर को संतुलित करके डायबिटीज रोगियों को फायदा पहुंचाता है। इसके लिए खजूर के बीज भूनकर उसका पाउडर बना लें। इस पाउडर को रोजाना गर्म पानी के साथ लें। यह शरीर को एनर्जी देने के साथ शुगर लेवल को भी बैलेंस रखता है।

### ◆ स्किन लाइटनिंग

खजूर के बीज त्वचा के लिए भी बेहद फायदेमंद माने जाते हैं। इसका इस्तेमाल स्किन लाइटनिंग के रूप में किया जा सकता है। इसके लिए खजूर के बीज का पाउडर बनाकर उसे स्क्रब के रूप में यूज करें। यह त्वचा के डेड स्किन सेल साफ करके त्वचा को चमकदार बनाता है।

### ◆ खजूर के बीज का सेवन कैसे करें ?

खजूर के बीज का सेवन करने के लिए सबसे पहले कुछ बीजों को इकट्ठा करके अच्छी तरह साफ करके धूप में सुखा लें। इसके बाद मीडियम आंच पर पैन को गर्म करके इन बीजों को रोस्ट करें। जब आपको लगे कि ये बीज करारे हो गए हैं तो इन्हें मिक्सी में डालकर इनका पाउडर बना लें। अब रोजाना गुनगुने दूध में 1 चम्मच इन बीजों का पाउडर डालकर पिएं।

New Delhi

# अवैध बांग्लादेशियों को वापस क्यों नहीं भेजा जा रहा, कब तक जेल में रखोगे: SC का सवाल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर सवाल उठाया है। अदालत ने इन्हें उनके देश भेजने के बजाय पूरे भारत के सुधार गृहों में लंबे समय तक हिरासत में रखने के संबंध में केंद्र सरकार से जवाब मांगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस बात पर बल दिया कि जब किसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी को पकड़ा जाता है और विदेशी अधिनियम 1946 के अंतर्गत उसे दोषी ठहराया जाता है, तो उसकी सजा पूरी होने के तुरंत बाद उसे निर्वासित किया जाना चाहिए। पीठ ने पूछा कि विदेशी अधिनियम के अंतर्गत अपनी सजा पूरी करने के बाद



फिलहाल कितने अवैध आप्रवासियों को विभिन्न सुधार गृहों में हिरासत में रखा गया है? शीर्ष अदालत ने लगभग 850 अवैध प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर चिंता व्यक्त की। एससी ने 2009 के परिपत्र के खंड 2 (v) का पालन करने में सरकार की विफलता पर सवाल उठाया, जो निर्वासन प्रक्रिया को 30 दिनों में पूरा करने का आदेश देता है। न्यायालय ने इस बात पर भी केंद्र से ठोस स्पष्टीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से क्या कदम अपेक्षित हैं। माजा दारूवाला बनाम भारत संघ का मामला 2013 में कलकत्ता उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में भेजा गया था। यह मामला मूल रूप से 2011 में शुरू हुआ जब एक याचिकाकर्ता ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्हें उनकी सजा पूरी होने के बाद भी पश्चिम बंगाल सुधार गृहों में कैद रखा गया था।

Uttarpradesh

# बिंदी की लड़ाई थाने तक आई... आगरा में पत्नी की डिमांड से पति परेशान, तलाक की नौबत

**मामला कर देगा हैरान**

**आगरा, (एजेंसी)** यूपी के आगरा में सिर्फ बिंदी लगाने को लेकर एक कपल के बीच विवाद हो गया. दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत तलाक तक आ पहुंची है. पत्नी ने पति की शिकायत पुलिस से कर दी. पुलिस ने मामला परिवार परामर्श केंद्र रेफर कर दिया है. अब यहां पर पति-पत्नी की काउंसिलिंग कराई गई है. दोनों ने काउंसलर के सामने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर आरोप लगाए हैं.

दरअसल, आगरा निवासी पत्नी का रोज-रोज नई बिंदी मंगाकर लगाना उसके पति को नागवार गुजरता था. वहीं, पत्नी अपने माथे पर बिंदी लगाने के लिए पति से रोज नई-नई तरह की बिंदी की मांग करती थी. पत्नी की डिमांड से पति तंग आ गया और फिर दोनों में इस हद तक झगड़ा हुआ कि रिश्ता तलाक तक पहुंच गया. पत्नी ने पुलिस से पति की शिकायत कर दी. पुलिस ने शिकायत को परिवार परामर्श केंद्र रेफर कर दिया.

बता दें कि आगरा थाना जगनेर निवासी युवक का विवाह थाना जगदीशपुरा निवासी युवती से हुआ था. दोनों का विवाह 2023 में हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुआ था. शादी के बाद दोनों पति-पत्नी खुशी-खुशी अपना जीवन यापन कर रहे थे. नई नवेली दुल्हन को रंग-बिरंगी बिंदी लगाने का शौक था. वह तरह तरह की बिंदियां लगाती थी.

एक दिन बिंदी खत्म हो गई, जिस पर पत्नी ने पति से रंग-बिरंगी बिंदियां लाने की मांग की. पति बिंदी लेकर घर नहीं गया जिससे दोनों में झगड़ा हो गया. पत्नी नाराज हो कर अपने मायके वापस आ गई. पिछले 6 महीने से युवती अपने मायके में रह रही है. परिजनों के साथ मिलकर युवती ने पति की शिकायत पुलिस से कर दी.

Bihar

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, चार की हालत गंभीर; तिलक समारोह से लौट रहे थे सभी, ट्रक ने मारी टक्कर

**पटना, (एजेंसी)** जमुई जिले के सिकंदरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मंगलवार की सुबह करीब तीन बजे सिकंदरा मुख्य चौक पर हुआ। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि नवादा जिले के रोह थाना अंतर्गत कुंज गांव से एक स्कॉर्पियो पर छह लोग सवार होकर लखीसराय जिले के कजरा थाना अंतर्गत अरवां गांव तिलक फलदान में गए थे। लौटने के दौरान सुबह करीब 3:00 बजे लखीसराय रोड से नवादा रोड प्रवेश करने के क्रम में जमुई से शेखपुरा की ओर तेज गति में बालू लेकर जा रहे 18 चक्का ट्रक ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिकंदरा चौक के समीप मिडिल स्कूल के गेट को तोड़ते हुए स्कॉर्पियो स्कूल के कैंपस तक जाकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

Uttarakhand

# सस्ते में डॉलर दिलाने के नाम पर लाखों की लूट, तीन पुलिसकर्मी समेत 9 गिरफ्तार

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के देहरादून से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां तीन पुलिसकर्मियों सहित नौ लोगों ने सस्ते डॉलर का झांसा देकर डकैती की वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र की है, पीड़ित यशपाल सिंह को आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि वो उसे 20 हजार डॉलर सस्ते दाम में दिलवा सकते हैं. इसके लिए उन्होंने पहले असली 400 डॉलर दिखाकर उसे विश्वास में लिया. फिर प्रेमनगर के झाझरा इलाके में डील के बहाने बुलाया. जैसे ही यशपाल वहां पहुंचा, तीन पुलिसकर्मियों सहित अन्य आरोपियों ने उसे धमकाया, मारपीट की और 7.50 लाख रुपये व डॉलर लूट लिए. बाद में ढाई लाख रुपये वापस देकर बाकी रकम आपस में बांट ली. पीड़ित यशपाल सिंह असवाल ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि वो ऋषिकेश का रहने वाला है और प्रॉपर्टी का काम करता है. कुछ समय पहले उसकी चमोली के रहने वाले कुंदन नेगी से हुई. कुंदन ने उससे कहा कि उसके परिचित राजेश रावत, राजेश चौहान और राजकुमार चौहान (निवासी मोरी उत्तरकाशी) के पास करीब 20 हजार अमेरिकी डॉलर रखे हुए हैं, जिन्हें वो कम दाम में बदलवाना चाहते हैं. ऐसा कहकर पीड़ित को विश्वास में लेकर डॉलर का सौदा करीब आठ लाख रुपए में तय हुआ. पीड़ित ने जब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, तो जांच में तीन पुलिसकर्मियों की संलिप्तता सामने आई. देहरादून पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर ढाई लाख रुपये नकद और नकली डॉलर बरामद किए.

## खेल

**भारोत्तोलन में चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटे**

# पंजाब की महक शर्मा ने तीन नए रिकॉर्ड बनाए

**देहरादून, (एजेंसी)** पंजाब की भारोत्तोलक महक शर्मा ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतने के दौरान अपने तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया जबकि इस खेल में कुल चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटे। भारोत्तोलन प्रतियोगिता के अंतिम दिन 29 वर्षीय महक ने शानदार प्रदर्शन किया। महिलाओं के 87 किग्रा से अधिक वर्ग में चुनौती पेश करते हुए महक ने स्नैच में 106 किग्रा वजन उठाकर 105 किग्रा के अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने अपने अंतिम क्लीन एवं जर्क प्रयास में 141 किग्रा वजन के साथ 140 किग्रा के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया। महक ने कुल 247 किग्रा वजन उठाया जो उनके पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड




244 किग्रा से तीन किग्रा अधिक है। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश की पूर्णिमा पांडे ने कुल 216 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता जबकि कर्नाटक की सत्या ज्योति (कुल 201 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। महक ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, मुझे पूरा भरोसा था क्योंकि मैंने कड़ा अभ्यास किया था लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं तीनों रिकॉर्ड तोड़ दूंगी। अब जब मैंने यह कर दिखाया है, तो मैं संतुष्ट हूं। मैं बहुत खुश हूं। मैं इस उपलब्धि के लिए अपने कोच और अपने परिवार के सदस्यों को धन्यवाद देती हूं। कोच की मदद के बिना इस खेल में कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। महक ने चार महीने से भी कम समय पहले अक्टूबर में हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान अपने पिछले तीन राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए थे। राष्ट्रीय खेलों में पदक केवल प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए कुल वजन के आधार पर दिए जाते हैं। पुरुषों की 109 किग्रा से अधिक श्रेणी में तमिलनाडु के एस रुद्रमयन ने एक और राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने स्नैच में 175 किग्रा वजन उठाया जो रेलवे के गुरदीप सिंह के 172 किग्रा के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर था। रुद्रमयन हालांकि क्लीन एवं जर्क में 180 किग्रा वजन ही उठा सके। उन्होंने कुल 355 किग्रा वजन उठाया जिससे उन्हें रजत पदक मिला।

## सिनेमा

# आराध्या बच्चन मामले में गूगल को नोटिस, कोर्ट के आदेश पर भी नहीं हटाई गलत जानकारियां



दिल्ली हाई कोर्ट ने गूगल और अन्य कुछ वेबसाइटों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह नोटिस अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन से जुड़े मामले में जारी किया है। मामला आराध्या बच्चन से जुड़ी गलत रिपोर्टिंग का है जिसमें उनकी सेहत से जुड़े सभी गलत वीडियो भी हटाए जाने की मांग की गई थी। आराध्या बच्चन ने अर्जी में खुद के नाबालिग होने की बात को भी आधार बनाया था जिसे संज्ञान में लेते हुए कोर्ट ने गूगल समेत अन्य कई वेबसाइटों को नोटिस जारी किया है। आराध्या बच्चन ने कोर्ट से एक संक्षिप्त फैसले की मांग करते हुए अपील की थी कि फेक जानकारियां छापने वालों ने कोर्ट में मौजूदगी दर्ज नहीं कराई है। जिसकी वजह से उनके बचाव का आधार पहले ही बंद हो चुका है। ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन से जुड़े इस मामले पर कोर्ट ने अगली तारीख दे दी है। बता दें कि अमिताभ बच्चन की पोती आराध्या ने अपने माता-पिता की मदद से अप्रैल 2023 में कोर्ट में यह केस दर्ज करवाया था। शिकायत में यूट्यूब पर आराध्या बच्चन की फेक वीडियो चलाए जाने की बात कही गई थी। तब कोर्ट ने अंतरिम आदेश के जरिए आराध्या की सेहत को लेकर चल रहे फर्जी वीडियो और भ्रामक जानकारियों को रोकने के आदेश दिए थे।

## Highlights

1. Viral video shows kid asking for chicken fry in anganwadi menu in Kerala, govt responds

2. Ferrari & Porsche among 30 luxury cars seized for not paying taxes in Bengaluru

3. 8-year-old girl alleges gangrape in school in Karnataka

4. Delhi CM Atishi's supporter slaps policeman on duty, case filed

5. Cow theft suspects will be shot on the spot: Karnataka minister

# OpenAI's Sam Altman likely to visit India on Feb 5, industry fireside chat expected

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI CEO Sam Altman may visit India on Wednesday, February 5, 2025, news agency PTI reported, citing unnamed sources.

The visit is to meet top government officials and engage in an industry fireside chat, according to the report.

This would be Altman's second India trip in two years and comes at a time of a lawsuit by news agency ANI which claims the artificial intelligence (AI) giant used its content for training AI models without compensation.

OpenAI has however said that it only uses publicly available data and argued that Indian courts have no jurisdiction on the matter.

It also comes at a time when the dominance of



OpenAI as well as other top western AI models in the AI realm has been challenged by low-cost Chinese upstart DeepSeek with its R1 model.

It reportedly cost less than $6 million to build and consumes only a fraction of power that a model like that of ChatGPT uses. The US tech industry which had long-justified putting billions of dollars into AI was forced to watch to disbelief.

On top of this, DeepSeek even overtook ChatGPT as the top-ranked free app on Apple's Appstore.

As a result of all of this, AI chipmaking giant Nvidia lost $590 billion in market cap last Monday. This was the largest one-day stock wipeout of any company in history.

This also came at a time when US President Donald Trump announced Stargate, the $500 billion AI data centre infrastructure project planned by OpenAI, Masayoshi Son's SoftBank, and Oracle.

# Perplexity AI CEO Aravind Srinivas confirms bid to acquire TikTok's US business

**NEW DEIHI, (Agency).** Perplexity AI CEO Aravind Srinivas has confirmed that his company is bidding to acquire the Chinese-owned TikTok's US business, according to a Fox Business report.

The deal which has been proposed to TikTok's parent company ByteDance would be to merge Perplexity with TikTok US and if an initial public offering (IPO) were to happen, the US would receive warrants which would be 50% of the newly combined company, according to the report.

"We're not trying to be



disruptive to the existing shareholders, but we're also trying to get what President Trump wants, which is about American control and also the government getting equity in the new entity," the report quoted Srinivas as saying. "I think that we are offering both of that."

This comes after Trump restored TikTok in the US for its 170 million users there, along with placing the terms which Perplexity is now offering.

The app had briefly gone dark last month after the ban by the previous Biden administration had set in.

"I would like the United States to have a 50% ownership position in a joint venture," Trump had posted on Truth Social. "By doing this, we save TikTok, keep it in good hands and allow it to stay up. Without U.S. approval, there is no TikTok. With our approval, it is worth hundreds of billions of dollars - maybe trillions."

Srinivas also wrote in a post on X (Formerly Twitter) that the "United States Sovereign Wealth Fund will get the proceeds from the Perplexity TikTok IPO."

# कंपनी की लक्की कस्टमर बना युवती से ठगी

## 8 प्रोडक्ट का झांसा देकर जाल में फंसाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। हीरानगर पुलिस ने साइबर हेल्पलाइन से मिली एक युवती की शिकायत के बाद ठगी के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक, उसे अलग-अलग अकाउंट से पेमेंट लेकर 8 प्रोडक्ट भेजने का झांसा देकर ठगी की गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

हीरानगर पुलिस ने बताया कि, विठल ठाड़ा निवासी सुंदर नगर, मेन रोड की शिकायत पर दो मोबाइल नंबर और अकाउंट धारकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विठल ने बताया कि, उनकी बेटी कशिश का अकाउंट रेडीमेड कॉम्प्लेक्स, सुंदर नगर में है। 25 नवंबर 2024 को उसे दो नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वालों ने दावा किया कि वह हाईफेन स्किनकेयर कंपनी के पुराने और नियमित कस्टमर हैं और उन्हें कंपनी की ओर से 4,200 रुपए की शॉपिंग करने पर आईफोन, टी.वी., लैपटॉप और अन्य 8 आइटम बहुत कम कीमत में मिलेंगे। उन्होंने कहा कि, भुगतान कंपनी की वेबसाइट पर नहीं, बल्कि दिए गए अकाउंट नंबर पर करना होगा। कशिश को झांसा देकर दो अकाउंट नंबर दिए गए, जिन पर पहले 4,242 रुपए का भुगतान किया गया। इसके बाद ठग ने कहा कि, उनका ऑर्डर बुक नहीं हुआ है, इसके लिए उन्हें 9,887 रुपए का जीएसटी सहित फिर से भुगतान करना होगा। जब कशिश ने पहले किए गए भुगतान के बारे में पूछा, तो आरोपी ने कहा कि, वह राशि अकाउंट में वापस आ जाएगी। इसके बाद 9,887 रुपए का भुगतान फिर से कराया गया। फिर आरोपी ने कहा कि, इस नंबर से ऑर्डर बुक नहीं हो रहा है और 59,595 रुपए का भुगतान करके आईफोन और लैपटॉप प्राप्त किया जा सकता है। कशिश ने जब पहले दिए गए पैसे वापस मांगे, तो ठग ने कहा कि वह अपने आप अकाउंट में लौट आएंगे। इसके बाद कशिश ने दूसरे अकाउंट में दिए गए निर्देशानुसार पैसे ट्रांसफर किए, लेकिन न तो उत्पाद बुक हुआ और न ही उसे प्राप्त हुआ। इस मामले में कशिश ने साइबर हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत की, जिसके बाद हीरानगर पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने मामले में अकाउंट होल्डर और मोबाइल नंबर धारकों को आरोपी बनाया है।

# नाबालिग से कुकर्म, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। 17 साल के नाबालिग को धमकाने और उसके साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। नाबालिग अपने नाना के यहां आया था। आरोपी उसे धमका कर अपने साथ लेकर गया और गलत काम किया। इस दौरान वीडियो भी बनाया और उसे ब्लैकमेल करने लगा।**

तिलक नगर पुलिस ने 17 साल के नाबालिग के साथ गलत काम करने के मामले में सोनू नाम के आरोपी पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित एरोड्रम इलाके का रहने वाला है। तिलक नगर में उसके नाना रहते है। आरोपी सोनू को वह डेढ़ साल से जानता है। 29 दिसबर को वह उसे बुलाने नाना के यहां आया। इसके बाद अकेले में ले जाकर धमकी दी। गलत हरकत करते हुए वीडियो बनाया। इसके बाद वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करने लगा। डर के चलते पहले यह बात उसने किसी को नहीं बताई। लेकिन सोनू की धमकियां लगातार बढ़ने लगी। इससे परेशान होकर मां को पूरी बात बताई। उन्होंने परिवार से बात की। इसके बाद थाने आकर सोनू के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

# चोरों का आतंक... कपड़ा व्यापारी के घर लाखों की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एमआईजी थाना क्षेत्र में रहने वाले कपड़ा व्यापारी संदीप सोलंकी के घर भी बड़ी चोरी हुई। वे रविवार को परिवार के साथ मांडू गए थे। बिल्डिंग के चौकीदार ने फोन कर बताया कि उनके घर के ताले टूटे हुए हैं। संदीप सोलंकी के मुताबिक, चोर उनके घर से तीन सोने की चेन, चार पेंडल, तीन सोने के कड़े, दो सोने की अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, दो लेडीज कड़े, चार सोने की चूड़ियां, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, रानी हार सेट, दो सोने की नथ, चार सोने के बिस्किट और 55 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। एमआईजी इलाके में रहने वाली ज्योति गोयल के घर भी चोरी हो गई। वे बेटी से मिलने दिल्ली गई थीं। इस दौरान बदमाशों ने उनके घर से सोने-चांदी के जेवर और 95 हजार रुपए नकद चुरा लिए। लसूडिया थाना क्षेत्र में एमआर की नौकरी करने वाले अरुण कुमायू के घर भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। अरुण और उनकी पत्नी दोनों एमआर की नौकरी करते हैं। जब वे रात को घर पहुंचे तो देखा कि ताले टूटे हुए थे। चोरों ने अलमारी से सोने का हार सेट, सोने का धागा, एक सोने का पेंडल, कान के टॉप्स और चांदी के जेवर गायब कर दिए। अरुण ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मामला दर्ज कर लिया गया। एरोड्रम थाना क्षेत्र में मनोज देशमुख के घर भी चोरी की वारदात हुई। चोर यहां से दो सोने की चेन, बच्चों की गुल्लक के पैसे और अन्य कीमती सामान ले गए। चोरों ने इसी इलाके में किरायेदार विशाल के घर भी चोरी की। पुलिस को इस मामले में सीसीटीवी फुटेज मिले हैं और आरोपियों की तलाश जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक